निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः २२१ – २१५ दिनांकः 13-2-2013

नोडल ऑफीसर

राजकीय महाविद्यालय

राजस्थान ।

विषयः दिनांक 25.2.13 से पूर्व जिला कलेक्टर से सम्पर्क कर समस्त निजी/सामान्य/तकनीकी शिक्षा के महाविद्यालयों की मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना 2012 के सम्बन्ध में बैठक आयोजित करवाने बाबत्।

महोदय,

विषयान्तर्गत लेख है कि मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना 2012, फ्लैगशिप योजना की प्रगति संतोषजनक नहीं होने के कारण समस्त छात्रों को योजना की जानकारी देने एवं योजना का लाभ उठाने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से माननीय मुख्य सचिव महोदय द्वारा सभी जिला कलेक्टर्स को जिले के समस्त निजी/सामान्य/तकनीकी शिक्षा के महाविद्यालयों के प्राचार्यों की एक बैठक दिनांक 25.2.13 से पूर्व कर सम्बन्धित प्राचार्यों को निर्देशित करने एवं छात्रों को प्रेरित करने हेतु निर्देशित किया गया है। आप तत्काल अपने जिले के जिला कलेक्टर से सम्पर्क कर माननीय मुख्य सचिव महोदय के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर के स्तर पर सभी सम्बन्धित महाविद्यालयों की बैठक के आयोजन की कार्यवाही सम्पादित करावें तथा बैठक में उपस्थित रहकर योजना की विस्तृत जानकारी भी देना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(नवीन जैन)
निदेशक

क्रमांकः

दिनांकः

प्रतिलिपि जिला कलेक्टर, ... को भेजकर आग्रह है कि माननीय मुख्य सचिव महोदय के निर्देशानुसार उक्त योजना को क्रियान्वित करने हेतु उचित कार्यवाही कराने का श्रम करें।

(राजेन्द्र शेखर मक्कड़)
अतिरिक्त निदेशक